हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 25 अप्रैल 2026



तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

4
परशुराम जयंती पर निकली शोभा यात्रा, 22 बटुकों का उपनयन संस्कार



## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा का आयोजन कल से

**अकलतरा।** नगर के राधाकृष्ण महिला कीर्तन भवन में 26, 27 एवं 28 अप्रैल को तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण एवं उनके अनन्य भक्त नरसी के कथा का मार्मिक एवं भावपूर्ण चित्रण नगर की श्रीमती सुमन मनक्सिया के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। वहीं 29 अप्रैल को हरि जी रो ब्यावलो महोत्सव धूमधाम से आयोजित होगा। धार्मिक अनुष्ठानों, भजन-कीर्तन एवं मंगलमय वातावरण में यह आयोजन संपन्न होगा।

### भीषण गर्मी को देखते हुए लू से बचाव के लिए बरतें सावधानी

**जांजगीर-चांपा।** जिले में अप्रैल माह से ही भीषण गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंचने और दोपहर से रात तक गर्म हवाएं चलने के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है तथा लू की स्थिति बनने लगी है। इसे देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आम नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया है कि जब तापमान अपेक्षित स्तर से काफी अधिक हो जाता है और कई दिनों तक गर्म हवाएं चलती रहती हैं, तब लू की स्थिति बन जाती है। तेज धूप में अधिक समय तक रहने से शरीर में मौजूद पानी और खनिज लवण पसीने के माध्यम से बाहर निकल जाते हैं, जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है और लू लगने की संभावना बढ़ जाती है। लू लगने की स्थिति में शरीर का तापमान बढ़ जाता है और कई बार पसीना भी नहीं आता, अत्यधिक प्यास लगती है तथा पेशाब कम होने लगता है। इसके साथ ही सिर में भारीपन और दर्द, चक्कर आना, उल्टी होना, शरीर में कमजोरी और दर्द महसूस होना, तेज बुखार के साथ मुंह सूखना तथा आंखों के सामने अंधेरा छाना या बेहोशी जैसी स्थिति भी हो सकती है।

### लेखा सह एम.आई.एस. सहायक के पद पर भर्ती हेतु कौशल परीक्षा 29 को

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला, जनपद पंचायत के रिक्त पद लेखा सह एम.आई.एस. सहायक का पद संख्या-01 की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया था। प्राप्त दावा-आपत्ति का चयन समिति द्वारा जांच उपरांत दावा-आपत्ति निराकरण एवं कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों को सूची जारी किया गया है। जिसका कौशल परीक्षा 29 अप्रैल दोपहर 12 बजे से ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण केन्द्र जांजगीर में आयोजित किया गया।

## करही गांव में आधी रात को तीन नकाबपोशों ने कांग्रेस नेता के घर बोला धावा

# भाइयों को उठाकर बहन के सामने मारी गोली, एक की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-बिर्रा

सक्ती और जांजगीर चांपा जिले के सीमावर्ती ग्राम करही में नकाबपोश युवकों ने कांग्रेस नेता और व्यापारी के घर आधी रात को धावा बोल दिया। सुनोयोजित तरीके से पहुंचे हथियारबंद नकाबपोशों ने घर के ऊपर कमरे में सो रहे भाईयों को जगाने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खुलते ही उन्होंने फायरिंग कर दी। घटना में बडे भाई की मौत हो गई, जबकि छोटा घायल हो गया। पूरी घटना बडी बहन के आंखों के सामने हुई।



अस्पताल में भर्ती घायल



हादसे के बाद परिजन के घर पहुचे जनप्रतिनिधि।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर चांपा जिले के बिर्रा थाना अंतर्गत आने वाले सक्ती जिले के ग्राम करही निवासी समेलाल कश्यप के दोनों बेटे आयुष और आशुतोष गुरूवार 23 अप्रैल की रात्रि में अपने घर पर ही कमरे में सोए हुए थे। उसी कमरे में उनकी बड़ी बहन प्रेरणा भी सोई हुई थी, जो कुछ दिन पहले घर आई हुई थी जबकि बगल के कमरे उनके माता पिता सोए थे। रात्रि करीब 12:30 बजे अचानक उनके दरवाजे पर किसी ने दस्तक दी। आवाज सुनकर सो रहे भाई बहन उठे। बताया जाता है कि जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोला नकाबपोश युवकों ने उन पर फायरिंग कर दी। घटना में बड़े भाई आयुष कश्यप उम्र 19 वर्ष के सिर और सीने पर गोली लगी, जिससे वह वही पर गिर पड़ा। दूसरे भाई आशुतोष कश्यप उम्र 16 वर्ष के हाथ और कंधे में गोली लगी। पूरी घटना बड़ी बहन प्रेरणा कश्यप के आंखों के सामने घटित हुआ। इसके बाद वहां पर चीख पुकार मच गई। जिससे आरोपी भाग निकले। बताया जाता है कि आरोपियों ने आयुष के माता पिता के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया था। आधी रात को गोली चलने की आवाज और चीख पुकार सुनकर पडोसियों सहित मोहल्ले वाले उठ गए। लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। उन्होंने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। वहीं अचेत पड़े आयुष और घायल आशुतोष को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। बताया जाता है कि अस्पताल में आयुष को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि आशुतोष को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। बिर्रा पुलिस मौके पर पहुंची। इसके साथ ही जिला मुख्यालय से अफसरों की टीम पहुंची। पुलिस ने फोरेसिंक एक्सपर्ट की मदद ली। वहीं चारों ओर नाकेबंदी करके जांच पड़ताल शुरू की गई। बहरहाल आरोपियों का कही कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस अपराध पंजीबद्ध विवेचना कर रही है।

### दोनों जिलो के एसपी के साथ पहुंची पुलिस टीम

करही गांव में आधी रात को फायरिंग और एक युवक की मौत की घटना के बाद जांजगीर और सक्ती दोनों जिलों के पुलिस महकमे में हडकंप मच गया। रहने को तो करही गांव सक्ती जिले में आता है, लेकिन पुलिस थाना जांजगीर चांपा जिले का बिर्रा थाना पड़ता है। ऐसे में इस घटना को लेकर जांजगीर जिले की प्रभारी एसपी निवेदिता पाल ओर सक्ती जिले के पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर दोनों ही मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का मुआयना किया। परिजनों व मोहल्लेवासियों से पूछताछ की तथा जांच के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मामले की जांच के लिए फोरेसिंक टीम भी बुलाई गई। इसके साथ ही सायबर सेल के माध्यम से भी जांच पड़ताल की जा रही है।

### सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन, हुआ चक्काजाम

करही निवासी कारोबारी समेलाल कश्यप ब्लाक कांग्रेस कमेटी का पूर्व उपाध्यक्ष है। ऐसे में कारोबारी और कांग्रेस नेता के घर आधी रात को नकाबपोशों का हमला और बेटे की गोली मारकर हत्या की खबर मिलते ही कांग्रेस के जनप्रतिनिधि और संगठन के लोग पहुंच गए। जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू सहित जांजगीर और सक्ती जिले के संगठन के नेता और कार्यकर्ताओं की भीड़ जमा हो गई। शुक्रवार 24 अप्रैल को अस्पताल से आयुष का शव जैसे ही करही गांव के लिए रवाना हुआ, बिर्रा चौक के पास परिजनों और कांग्रेस नेताओं समेत कार्यकर्ताओं की भीड़ ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। वे सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन करने लगे। जिसके चलते आवागमन अवरूद्ध हो गया। मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें समझाईश दी और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी के आश्वासन पर मामला शांत हुआ।

### घर में मची चीख पुकार, रेत के कारोबार को बता रहे कारण

करही गांव में आधी रात को कारोबारी एवं कांग्रेस नेता समेलाल कश्यप के घर नकाबपोशों द्वारा धावा बोलकर फायरिंग और बेटे की हत्या की घटना के बाद घर में चीख पुकार मच गई। घरवालो का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की चश्मदीद बड़ी बहन प्रेरणा कश्यप बताती है कि दरवाजा खोलने पर तीन नकाबपोश नजर आए। उन्होंने गाली गलौज करते हुए सीधे फायरिंग कर दी। गोली आयुष के सीने और सिर पर लगी। वहीं आशुतोष भी घायल हो गया। उसने यह भी बताया कि करीब सप्ताह भर पहले तीन युवक आयुष को पूछते हुए घर तक आए थे। इसी प्रकार आयुष के पिता कारोबारी एवं कांग्रेस के ब्लाक उपाध्यक्ष समेलाल कश्यप ने इस घटना का कारण रेत के कारोबार को बताया। उनका कहना है कि गांव में रेत का उत्खनन और परिवहन हो रहा है। आयुष भी हाइवा और जेसीबी चलवा रहा था। उसके मुताबिक इसकी वजह से घर घुसकर उसकी हत्या की गई है।

### सभी बिन्दुओं पर जांच

करही की घटना को लेकर सभी बिन्दुओं पर जांच की जा रही है। 25 से अधिक लोगों से पूछताछ किए है। जो भी बातें आ रही है, उसके हिसाब से जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस टीम जांच में जुटी हुई है। रेंज स्तर पर भी सायबर की टीम जांच कर रही है।

**-निवेदिता पाल,**
प्रभारी एसपी, जांजगीर चांपा

## पीआईएल के फर्नेश में रिसाव ब्लॉस्ट की अफवाह से मचा हडकंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



स्थानीय कोटाडबरी स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड की भट्ठी में गर्म तरल धातु के रिसाव की घटना को लेकर सोशल मीडिया पर फर्नेश ब्लास्ट का अफवाह फैल गया। सूचना पाकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे। उन्होंने मौके का मुआयना किया और अफवाह की पुष्टि की।

शुक्रवार 24 अप्रैल को सोशल मीडिया के माध्यम से कुछ पोर्टल में प्रकाश स्पंज आयरन में फर्नेश ब्लास्ट और मजदूरों के झुलसने की खबर तेजी से वायरल हुआ। सूचना पाकर एसडीएम पवन कोसमा और नगर निरीक्षक अशोक वैष्णव प्लांट पहुंचे। उन्होंने वस्तु स्थिति का जायजा लिया तो पता चला कि तरल धातु भट्ठी के नीचे रिसाव हो रहा था। ब्लास्ट की घटना पूरी तरह से अफवाह है। इधर इस मामले में प्लांट के कारखाना प्रबंधक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शुक्रवार 24 अप्रेल को आईएफडी के शेड क्र. 5.8 टन में फर्नेश नं. ई/1 में दोपहर 12:35 बजे तरल धातु को ढलाई किया गया। जिसके बाद मेल्टर द्वारा फर्नेश का अवलोकन करने के पश्चात 12:40 बजे के आसपास चार्जिंग किया गया। दोपहर लगभग 2:40 बजे के आसपास पुनः अवलोकन करने पर पाया गया कि भट्ठी के बॉटम साईड में तरल धातु अत्यधिक गर्म हो रही है तो उसे मेल्टर द्वारा उसी समय फर्नेश से तरल धातु को पलटने का प्रयास किया गया। इसी दौरान 2:40 बजे के आसपास अचानक गरम तरल धातु भट्ठी के बॉटम के नीचे से रिसाव हो गया। इस घटना से किसी प्रकार की जन हानि अथवा क्षति नहीं हुई है। उन्होंने इस अफवाह को शरारती तत्वों की करतूत बताया जो प्लांट से अनाधिकृत आर्थिक लाभ प्राप्त करना चाहते हैं।

### 33 केन्द्रों में उप निरीक्षक बनने परीक्षा कल

**जांजगीर-चांपा।** व्यापम 26 अप्रैल 2026 को छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लगभग 2 लाख 47 हजार अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। इस परीक्षा में राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल हो रहे है। यह परीक्षा जिले के 33 परीक्षा केंद्रों मे आयोजित की जाएगी जिसमे 9811 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश -परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो।परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। यह परीक्षा 10 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित किया जावेगा। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 9.30 बजे बंद कर दिया जायेगा, इसके बाद अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा। परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार बंद होने के समय का व्यापक प्रचार प्रसार करें। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये।




### रायपुर अस्पताल में भर्ती मजदूर की मौत

# वेदांता में मृतकों का आंकड़ा दो दर्जन के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर डभरा



सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता थर्मल पावर प्लांट में बॉयलर फटने से हुए भीषण हादसे मे मृतकों की संख्या लगातार बढ़ते जा रही है। रायपुर अस्पताल में भर्ती एक और श्रमिक की मौत के बाद इस हादसे में मरने वालों की संख्या 25 जा पहुंची है। इसके अलावा शेष घायलों का अलग-अलग जगहों पर उपचार चल रहा है, जिनमें भी कईयों की हालत और गंभीर बताई जा रही है।

गौरतलब है कि सक्ती जिले के डभरा ब्लॉक अंतर्गत सिंघीतराई में संचालित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार 14 अप्रैल को दोपहर करीब तीन बजे भीषण हादसा हो गया था। यहां बॉयलर का प्रेशर पाइप अचानक फट गया, जिससे उसमें प्रवाहित तकरीबन 600 डिग्री सेल्सियस तापमान में खौल रहे पानी और भाप का गुबार पूरे क्षेत्र में फैल गया। ऐसे में वहां अफरा तफरी मच गई और घटना में बड़ी संख्या में मौजूद कर्मचारी झुलस गए। इस दौरान घटना स्थल पर ही श्रमिकों की मौत हो गई और दो दर्जन से अधिक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद झुलसे श्रमिकों को किसी तरह बाहर निकाल कर खरसिया और रायगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए कुछ लोगों को बिलासपुर और रायपुर रिफर किया गया। घटना में अब तक मृतकों की संख्या 24 से बढ़कर 25 पहुंच चुकी है। गुरुवार 23 अप्रैल की रात्रि में रायपुर में भर्ती घायल श्रमिक विश्वजीत साहू की मौत हो गई। इसके अलावा बाकी के घायलों में भी कइयों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

### एफआईआर की कॉपी देखने युवक कांग्रेस ने डभरा थाना में दिया धरना

वेदांता पॉवर प्लांट में हुए हादसे के बाद किए गए एफ आई आर की कॉपी देखने के लिए युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष साथियों सहित डभरा थाना में धरने पर बैठे रहे और घंटों एफ आई आर की कॉपी की मांग करते रहे।युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ थाना डभरा पहुंचे और थाना प्रभारी से एफ आई आर की कॉपी दिखाने और गिरफ्तारी दिखाने का मांग करने लगे लेकिन थाना प्रभारी राजेश पटेल ने मामला संवेदनशील है कह कर कॉपी दिखाने से मना कर दिया। इस पर नाराज होकर युवक कांग्रेसी थाना प्रभारी के कक्ष में ही धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। घंटों धरने पर बैठने के बाद पुलिस अधीक्षक से उनकी बात हुई जिसके बाद में सक्ती चले गए और मामला शांत हुआ।

## खबर संक्षेप

### रद्द ट्रेनों को फिर किया गया रिस्टोर, मिलेगी यात्रियों को राहत

**कोरबा।** रेलवे द्वारा मार्च से अप्रैल के बीच अलग-अलग दिनों में काम कराए जाने के लिए ब्लाक लिए जाने के कारण कोरबा से चलने वाले सभी मेमू व पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। जबकि छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस पहले से ही 5 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच निरस्त चल रही है। भीषण गर्मी में ट्रेनों के रद्द होने के कारण यात्री परेशान हो रहे हैं। फिलहाल बीच बीच में रेल प्रबंधन द्वारा रद्द ट्रेनों को रिस्टोर कर राहत देने की कोशिश की जा रही है, लेकिन तब तक लोग अपनी यात्रा की प्लानिंग बदल चुके होते हैं। अब पुनः यहां से चलने वाली ट्रेनों को रिस्टोर किया गया है। रिस्टोर की गई गाड़ियों के संबंध में रेल प्रशासन का कहना है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत जांजगीर नैला स्टेशन पर चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए किए जा रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पूर्व में निरस्त एवं आंशिक रूप से निरस्त की गई ट्रेनों को रिस्टोर किया जा रहा है। जिसमें गाड़ी संख्या 68746 रायपुर-गेवरारोड मेमू को 22 से 26 अप्रैल तक के लिए, गाड़ी संख्या 68745 गेवरारोड-रायपुर मेमू 23 से 27 अप्रैल तक, गाड़ी संख्या 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर को 22 से 26 अप्रैल तक गाड़ी संख्या 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर को 23 से 27 अप्रैल तक, गाड़ी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू को 23 से 27 अप्रैल तक, गाड़ी संख्या 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू को 23 से 27 अप्रैल तक, गाड़ी संख्या 68732 बिलासपुर-कोरबा मेमू को 23 से 27 अप्रैल तक एवं गाड़ी संख्या 68731 कोरबा-बिलासपुर मेमू को 23 से 27 अप्रैल तक रिस्टोर किया गया है। ये सभी गाड़ियां उपरोक्त तिथि में अपने निर्धारित समयानुसार चलेंगी।

### रीजनल बैडमिंटन स्पर्धा में कांस्य जीतकर रुद्राक्ष नेशनल के लिए चयनित

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 एनटीपीसी कोरबा के होनहार छात्र रुद्राक्ष पांडेय ने केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग अंतर्गत आयोजित 55वीं संभाग स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है। अंडर-14 आयु वर्ग की बैडमिंटन स्पर्धा में रुद्राक्ष पांडेय ने तृतीय विजेता का खिताब हासिल करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही छात्र का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए भी कर लिया गया है, जो संभवतः सितंबर माह में केरल में आयोजित होगी। यह दो दिवसीय संभागस्तरीय स्पर्धा 21 व 22 अप्रैल को महासमुंद में आयोजित हुई थी।

# छत्तीसगढ़ी भाषा को जनगणना में शामिल करने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ी भाषा को जनगणना में शामिल करने और संविधान की 8वीं अनुसूची में स्थान दिलाने की मांग को लेकर कोरबा में व्यापक विरोध दर्ज किया गया। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के संयुक्त बैनर तले सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर कलेक्टर को भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठनों की मुख्य मांग है कि आगामी 2026-27 की जनगणना में छत्तीसगढ़ी भाषा को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उनका कहना है कि यह केवल एक भाषा नहीं बल्कि प्रदेश की अस्मिता और पहचान से जुड़ा विषय है।

अलग खबर

ज्ञापन के दौरान पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि स्व-

## केन्द्र सरकार के नाम कलेक्टर को सौंपा गया मांग पत्र



जनगणना पोर्टल में अन्य भाषाओं को स्थान दिया गया है, जबकि छत्तीसगढ़ की प्रमुख भाषा छत्तीसगढ़ी को नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने इसे प्रदेशवासियों की भावनाओं के साथ अन्याय बताया। संगठनों ने स्पष्ट किया कि यदि जनगणना 2026-27 में छत्तीसगढ़ी भाषा को शामिल नहीं किया गया, तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा। यहां तक कि जनगणना के बहिष्कार की भी चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि यह अब केवल मांग नहीं, बल्कि हमर भासा-हमर पहिचान की लड़ाई बन चुकी है। कार्यक्रम में सुरजीत सोनी और जैनेन्द्र कुर्रे सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर छत्तीसगढ़ी भाषा के सम्मान और अधिकार के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही। ज्ञापन की प्रतिलिपि संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को भी भेजी गई है। अब देखना होगा कि सरकार इस मांग पर क्या निर्णय लेती है क्योंकि आने वाले समय में यह मुद्दा और भी व्यापक रूप ले सकता है।

## अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में सुधार कार्य करने के दिए निर्देश

# शासकीय आईटीआई रामपुर के निरीक्षण में मिली खामियां, नाराज हुए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शासकीय आईटीआई रामपुर का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक व्यवस्था और व्यावहारिक प्रशिक्षण की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया। कलेक्टर ने कई महत्वपूर्ण कमियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर सुधार सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरुआत लाइब्रेरी से हुई, जहां पुस्तकों की अत्यंत अव्यवस्थित स्थिति, पुरानी सामग्री की अनावश्यक ढेर और स्टॉक के अभावपूर्ण संधारण पर कलेक्टर ने गंभीर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिया कि लाइब्रेरी को तत्काल सुव्यवस्थित किया जाए तथा अनुपयोगी सामग्री को शासन के नियमों के अनुसार स्क्रैप में निस्तारित किया जाए। इसी क्रम में कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रजिस्टर तथा अन्य प्रशासनिक अभिलेखों के संधारण में भी अनियमितता पाई गई। प्राचार्य द्वारा उपस्थिति संबंधी विस्तृत



निरीक्षण के दौरान आईटीआई प्रशिक्षुओं से चर्चा करते कलेक्टर दुदावत व अन्य।

जानकारी उपलब्ध न कराने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताई और अभिलेखों को सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखने के निर्देश दिए। इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के निरीक्षण में यह पाया गया कि स्वीकृत 20 प्रशिक्षुओं के विरुद्ध केवल 3 प्रशिक्षु प्रशिक्षण कक्षाओं में उपस्थित थे। इसके साथ ही लैब की महत्वपूर्ण मशीनरी-जैसे अल्टरनेटर, स्टार्टर एवं अन्य उपकरण बीते दो वर्षों से खराब पड़ी थी। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी दोषपूर्ण उपकरणों की मरम्मत आगामी पाँच दिवस के भीतर पूर्ण कर कक्षाओं के नियमित संचालन को सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने लोक निर्माण विभाग कोरबा द्वारा संचालित कार्यों को तय समय सीमा में पूरा कराने पर भी जोर दिया।

### ऑटो सीएडी लैब स्थापित करने दिए निर्देश

स्टेनो हिंदी एवं इंग्लिश ट्रेड के निरीक्षण में विद्यार्थियों से संवाद के दौरान यह तथ्य सामने आया कि उपलब्ध कंप्यूटरों की संख्या प्रशिक्षुओं की तुलना में कम है, जिससे प्रैक्टिकल प्रशिक्षण प्रभावित हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने लैब की आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त कंप्यूटर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व में पास आउट विद्यार्थियों की ट्रैकिंग प्रणाली को भी मजबूत बनाने तथा वर्तमान प्रशिक्षुओं को जिले के विभिन्न पीएसयूस में प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु ठोस कदम उठाने को कहा। स्टॉक रजिस्टर के संधारण को भी असंतोषजनक पाया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि आगामी 15 दिनों के भीतर सभी स्टॉक अभिलेखों को अद्यतन और व्यवस्थित रूप से संधारित किया जाए। मैकेनिकल ड्राफ्ट्समैन ट्रेड में भी निरीक्षण के दौरान छात्रों ने ऑटो सीएडी/सीएएम लैब की आवश्यकता बताई, जिसे कलेक्टर ने उचित मानते हुए जल्द स्थापित करने के निर्देश दिए।

# नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु गठित पैनल की बैठक



लोक अदालत को सफल बनाने पर चर्च करते पैनल के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए गठित पैनल द्वारा स्वास्थ्य, श्रम, महिला एवं बाल विकास, उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग तथा जिला अंत्यवसायी समिति के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा 9 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली तथा समस्त राजस्व न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी।

लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संतोष शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में गठित न्यायाधीशों की पैनल द्वारा आयोजित बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग तथा जिला अंत्यवसायी सहकारी समिति के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत कोरबा, कटघोरा, पाली एवं करतला के न्यायालयों सहित राजस्व न्यायालयों में खंडपीठों का गठन किया जाएगा, जो वर्चुअल एवं भौतिक दोनों माध्यमों से कार्य करेंगी। प्रकरणों का निस्तारण नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते (राजीनामा) के आधार पर किया जाएगा। गठित पैनल द्वारा सभी विभागीय प्रतिनिधियों से अपील की गई है कि वे पक्षकारों/लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभकारी योजनाओं की जानकारी दें।

### बिना टिकट यात्रा करना पड़ा महंगा, रेलवे ने चेकिंग अभियान चलाकर वसूला जुर्माना

**कोरबा।** बुधवार को कोरबा से चांपा, नैला-जांजगीर, अकलतरा, बिलासपुर व रायपुर की यात्रा करना उन यात्रियों के लिए भारी पड़ गई जिन्होंने सफर शुरू करने के पहले टिकट ही नहीं लिया था। बिलासपुर मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा ऐसे यात्रियों को पकड़ने के लिए चांपा रेलवे स्टेशन में किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

**न्यायालय-राजेश खलखो व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी जैजैपुर, जिला जांजगीर चांपा छ.ग.**

प्रकरण क्रमांक- 40ए/2023
प्रोसेस क्रमांक-369/2026
पेशी तारीख - 05.05.2026

फागुलाल............. वादी
विरूद्ध
दाऊराम .......................प्रतिवादी

वादी फागुलाल पिता इतवारी निवासी ग्राम कुटराबोड तह. हसौद जिला सक्ती ने आप अनावेदक 01. प्रेमबाई माता घसनीन बाई, ग्राम जैजैपुर जाति चंद्रा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के विरूद्ध वाद संस्थित किया है। आपको न्यायालय में तारीख 05.05.2026 को दिन में 11.00 बजे उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समंस किया जाता है। आप स्वयं न्यायालय में या ऐसे किसी पलीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिस सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जा रहा है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भरता करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज तारीख 21.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

नोट - यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

(राजेश खलखो)
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, जैजैपुर
जिला : जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**न्यायालयः श्रीमती नम्रता नोरगे, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, चांपा जिला जांजगीर-चांपा छ.ग.**

:- समंस / ईश्तहार -:

सक्सेशन प्र. क्र.-01/2026
पेशी दिनांक- 17/06/2026
प्रोसेस नम्बर-630/2026
16.04.2026

श्रीमती जसवीर कौर वगैरह
विरूद्ध
श्रीमती जसमीत कौर वगैरह

आवेदक जसवीर कौर, बेवा-स्व. हरदीप सिंह, उम्र 28 वर्ष, निवासी-शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल के पीछे, रामसागरपारा, वार्ड क्रं.-01 कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.), के द्वारा प्रतिवादी के विरूद्ध वाद वास्ते घोषणा बाबत वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसमें प्रतिवादी आम जनता चांपा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. जिनका हित हो । की उपस्थिति दिनांक 17/06/2026 को ठीक 11:00 बजे जवाब देने के लिए उपसंजात उपस्थिति के लिए नोटिस/ईश्तहार/समंस जारी किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिया गया हो और इस वाद के सभी सारवान प्रश्न का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आप लोगों के उपसंजात के लिए जो दिन नियत किया गया है, उस दिन अपना जवाब/उपस्थिति या अन्य कोई दस्तावेज जो संबंधित हो, पेश करने के लिए प्रतिरक्षा के लिए तैयार रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि, उपर बनायी गयी तारीख 17/06/2026 को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होने पर वाद का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

टीप :- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है या मैं अवकाश पर रहता/रहती हूं या किसी वजह से कार्य स्थगित हो जाता है, तो वाद की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी और उक्त तिथि को अनुपस्थित रहते हैं तो आपके अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 16/04/2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(श्रीमती नम्रता नोरगे)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी,
चांपाजिला-जांजगीर-चांपा छ.ग.

# मानदेय शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** मानदेय शिक्षक संघ ने कलेक्टर जनदर्शन में मांग पत्र सौंपते हुए कहा है कि मानदेय शिक्षक जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में विगत 3 वर्षों से कार्यरत हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सत्र के बीच में जहां कुछ मानदेय शिक्षक, शिक्षण कार्य कर रहे हैं वहां नियमित शिक्षक, प्रमोशन/ट्रांसफर के माध्यम से आ गए हैं। इस समस्या के समाधान के लिए तत्कालीन कलेक्टर अजीत वसंत से मुलाकात किए और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया था तब उन्होंने नियमित शिक्षकों के पदभार ग्रहण करने के बाद भी उन्हें पूरे सत्र तक कार्य करने के लिए अवसर प्रदान किया गया था। वर्तमान कलेक्टर से मानदेय शिक्षक संघ ने आग्रह किया है कि जिन मानदेय शिक्षकों के यहां नियमित शिक्षक आ गए हैं, उन्हें नए शिक्षण सत्र में रिक्त विद्यालयों में अन्यथा दर्ज संख्या के अनुपात में उक्त विद्यालय में ही शिक्षण कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाए। जो मानदेय शिक्षक इस सत्र में शिक्षण कार्य कर रहे हैं उन्हें आगामी नए शिक्षण सत्र में जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से इन शिक्षकों की सूची तैयार करके विद्यालयों में पदभार दिया जाए ताकि मानदेय शिक्षकों के साथ भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो।

**न्यायालय : (प्रशांत कुमार शिवहरे), प्रथम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सक्ती, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

प्रकरण क्र. CT-अपं/2025,
प्रोसेस नंबर 442/2026
जारी तारीख 09/4/2026
पेशी तारीख 12.05.2026

खेमप्रकाश राठौर
बनाम
आनंद कुमार जांगडे वगैरह

**अनावेदक क्र.01 की उपस्थिति हेतु-**
01 आनंद कुमार जांगडे पिता कौशल प्रसाद जांगडे उम्र 20 साल, निवासी सेंद्री थाना नगरदा जिला सक्ती (छ.ग.)

आवेदक खेम प्रकाश राठौर पिता जीवन लाल राठौर उम्र 35 साल, निवासी सेंदरी थाना नगरदा जिला सक्ती (छ.ग.) ने मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण (MACT) अपं/2025 के तहत पक्षकार खेमप्रकाश राठौर विरूद्ध आनंद कुमार जांगडे वगै. का प्रकरण इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसमें अनावेदक क्र. 01 की उपस्थिति नहीं हो पायी है। जिसके कारण आवेदक द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से उपस्थिति हेतु आवेदन किया है। जिसकी पेशी तारीख 12/05/2026 है।

अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचना दी जाती है कि यदि आप ऊपर बताई गयी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजीर) नहीं होगें, तो प्रकरण की सुनवाई और उसका विधि अनुसार निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट :- यदि नियत तिथि 12/05/2026 को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी।

आज दिनांक 09.4.2026 को अदालत की मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया है।
दिनांक - 09.04.2026

(प्रशांत कुमार शिवहरे)
प्रथम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
सक्ती, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

# चलित थाने से बढ़ा विश्वास मिला त्वरित निराकरण

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत दादर में चलित थाना का आयोजन किया गया।

यह अभिनव पहल आम नागरिकों को त्वरित, सुलभ एवं प्रभावी पुलिस सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई, जिसके अंतर्गत पुलिस टीम सीधे आमजन के बीच पहुँची। आयोजन स्थल पर अस्थायी पुलिस सहायता केंद्र स्थापित कर नागरिकों की शिकायतें दर्ज की गईं एवं उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 3 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर पुलिस द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर ही जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की गई। साथ ही संबंधित पक्षों को समझाइश देकर कई मामलों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण किया गया। चलित थाना के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय, महिलाओं के विरुद्ध अपराध एवं सुरक्षा उपाय, यातायात नियमों का पालन, अवैध शराब, गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों के विरुद्ध सूचना देने की अपील की है।



# नकटीखार में पुलिस का छापा, 2 ग्रामीण के कब्जे से 41 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अवैध रूप से शराब बनाने, बेचने वालों के खिलाफ लगातार पुलिस कार्रवाई कर रही है। मुखबिर की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस ने ग्राम नकटीखार में दबिश दी थी।

**खास बात**

- सिविल लाइन पुलिस ने मारा था छापा, 450 किलो से अधिक महुआ पास व सामान को किया गया नष्ट

इस दौरान उन्हें अवैध महुआ शराब बनाकर अवैध कारोबार करने वाले दो ग्रामीणों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जहां दोनों ग्रामीणों के कब्जे से की 41 लीटर महुआ शराब एवं 450 किलो महुआ पास जप्त किया गया है। जिसको मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले में अवैध कारोबार करने एवं महुआ शराब बनाकर बेचने वालों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सिविल लाइन थाना प्रभारी डीएसपी आस्था शर्मा व उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर नकटीखार निवासी निखिल कंवर व अजय मंझवार के घर में दबिश दी। जहां दोनों के कब्जे से पुलिस ने 41 लीटर महुआ शराब जप्त किया है। जबकि मौके से लगभग 450 किलो महुआ पास भी जप्त किया गया है। पुलिस ने महुआ पास को मौके पर नष्ट कर दिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 342 आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीकृत कर दोनों को जेल भेज दिया गया है। बताया जाता है कि ग्रामीणों द्वारा गांव के ही अंतिम छोर में अवैध शराब बनाने का गोरखधंधा संचालित किया जा रहा था।



मौके पर जब्ती की कार्रवाई करती पुलिस टीम।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस,
राफ्टर बेड़ी दरवाजे,
चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी,
दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट,
स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर
कम दर में प्राप्त करें।
डीलरः अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेषः सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
E-Mail ID - cmochampa@rediffmail.com,
cmochampanp@gmail.com
Fax No. -07819245180

क्रमांक / 395 / लो.नि.वि./न.पा./2026-27 चांपा, दिनांक 24/04/2026

**// संशोधित सार्वजनिक सूचना //**

नगर पालिका परिषद् चांपा द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना क्रमांक /380/ लो.नि.वि./न.पा./2026-27 चांपा, दिनांक 23.04.2026 में कालोनाइजर ओम सिटी प्रो. उमादेवी गोयल के स्थान पर उमा देवांगन टंकण त्रुटि के कारण जारी हो गया है, उमा देवांगन के स्थान पर श्रीमती उमादेवी गोयल पढ़ा जावे।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् चांपा

## घर में सो रहे परिवार को बाहर से बंद कर निर्माणाधीन मकान से उठा ले गए आलमारी

**कोरबा।** जिले के बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत ऐतमानगर में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक मकान में ताला तोड़कर आलमारी को ही उठा ले गए और जंगल में आलामारी का ताला तोड़कर 30 हजार रुपए नगद, सोने-चांदी के जेवरात और कीमती सामानों की चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।बांगो थाना क्षेत्र के निवासी अनीता राजपूत पति लक्ष्मण राजपूत उम्र 46 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बुधवार की रात लगभग 10 बजे पूरा परिवार खाना खाकर निर्माणाधीन मकान में सो गए थे। इस दौरान घर का कूलर खराब हो जाने पर परिवार के सभी सदस्य निर्माणाधीन मकान में ताला लगाकर बगल में ही स्थित पुराने मकान में सोने चले गए थे। इस दौरान चोरों ने देर रात को अनीता राजपूत जिस पुराने मकान में सोई थी उसको बाहर से बंद कर दिया गया।

## छत्तीसगढ़ की औद्योगिक प्रगति और निरंतर समृद्धि का प्रतीक वेदांता



वेदांता यानी एक वृहद औद्योगिक यात्रा। यह एक ऐसा नाम है जिसने देश की औद्योगिक प्रगति को नए मायने दिए हैं। वेदांता समूह के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में इस समूह ने एल्यूमिनियम, ज़कि, लेड, सिल्वर, ऑयल एंड गैस, निकल, कॉपर, स्टील, फेरो क्रोम, ग्लास सब्सट्रेट, ऊर्जा उत्पादन आदि विभिन्न क्षेत्रों में पूरी दुनिया में कीर्तिमान बनाए हैं। वेदांता की कहानी दरअसल विकसित भारत का आइना है जहां उद्यम सर्वोपरि है। श्री अग्रवाल कहते हैं कि '' ठान लो तो सब कुछ पाना संभव है। वेदांता समूह के लिए समुदाय का स्थान व्यवसाय से ऊपर है। मेरी दृष्टि में हमारी समस्त उपलब्धियां सामान्य ही हैं। मैं अपने स्तर पर वही श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रयत्नशील हूं जैसा कि दूसरे व्यक्ति अपने स्तरों पर कर रहे हैं। समाज को समृद्ध बनाना हमारा नैतिक दायित्व है। उद्योगों के जरिए हम जो कुछ अर्जित कर रहे हैं उसका अंश समाज की भलाई में उपयोग होना चाहिए। हमने जो विशाल उद्योग खड़ा किया है उसके हम संरक्षक मात्र हैं। सही मायने में उद्योगों पर अधिकार उसमें काम कर रहे कर्मचारियों का है।

### देश की शान वेदांता प्रचालित बालको

तत्कालीन मध्यप्रदेश में 27 नवंबर, 1965 को स्थापित बालको वर्तमान छत्तीसगढ़ प्रदेश की एकमात्र एल्यूमिनियम उत्पादक इकाई है। वर्ष 2001 से बालको का संचालन वेदांता समूह द्वारा किया जा रहा है। देश का लगभग 15 प्रतिशत एल्यूमिनियम बालको में ही तैयार होता है। वर्ष 2001 के बाद 1,00,000 टन क्षमता के स्मेल्टर को साढ़े तीन गुना अधिक करने और बिजली उत्पादन क्षमता को 270 मेगावॉट से 810 मेगावॉट करने की शुरूआत हुई। रिकॉर्ड समय में 2.50 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता का नया स्मेल्टर और 540 मेगावॉट का विद्युत संयंत्र अस्तित्व में आया। बाद के वर्षों में 3.25 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता के नए स्मेल्टर और 1200 मेगावॉट के विद्युत संयंत्र ने भी मुकम्मल रूप ले लिया।

### बालको और चहुंमुखी विकास

बालको की तरक्की और प्रचालन क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों की समृद्धि एक-दूसरे का पर्याय बन चुके हैं। सामुदायिक विकास के दायरे में 4 गांव से 123 गांव शामिल हो गए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, आधारभूत संरचना विकास आदि पर निवेश लगभग 470 करोड़ रुपए के आंकड़े तक पहुंच गया है। सामुदायिक विकास परियोजनाओं से लाभान्वित होने वाले नागरिकों की संख्या 2 लाख के आसपास पहुंच गई है। पिछले कई बरसों में बालको एक ऐसी कंपनी बन कर उभरी है जो न सिर्फ तकनीकी प्रगति और संबद्ध नागरिकों के विकास का ख्याल रखती है बल्कि पौधारोपण और नई-नई तकनीकों की स्थापना के जरिए पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान कर रही है।

### वेदांता के निवेश से छत्तीसगढ़ में ऊर्जा क्षेत्र समृद्ध

वेदांता लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ में सक्ती जिले के ग्राम सिंघीतराई में 1200 मेगावॉट के विद्युत संयंत्र का अधिग्रहण किया है। अधिग्रहण से पूर्व यह संयंत्र एथेना छत्तीसगढ़ पावर लिमिटेड के नाम से जाना जाता था जिसे अब वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ पावर प्लांट (व्हीएलसीटी पीपी) के नाम से जाना जाता है। वेदांता द्वारा अधिग्रहण से पूर्व इस विद्युत संयंत्र का निर्माण वर्ष 2016 से ही बंद था। वर्ष 2022 में अधिग्रहण के बाद वेदांता लिमिटेड ने विद्युत संयंत्र के निर्माण कार्य को पुनर्जीवित करने का काम शुरू किया। 1200 मेगावॉट के विद्युत संयंत्र में 600 मेगावॉट की दो इकाइयां हैं। इस परियोजना से जहां बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ की स्थानीय प्रतिभाओं को हुनर दिखाने का अवसर मिला है वहीं अप्रत्यक्ष रोजगार के जरिए लोगों की आर्थिक स्थित मजबूत हो रही है।

### प्रगति की ओर सिंघीतराई

व्हीएलसीटीपीपी प्रबंधन स्थानीय नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है। ग्राम पंचायत सिंघीतराई, ओड़ेकेरा और निमोही के नागरिकों के लिए सामुदायिक विकास के कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं जिसे स्थानीय जरूरतों के मुताबिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, आधारभूत संरचना विकास संबंधी अनेक योजनाएं स्थानीय जन प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में तैयार कर उन्हें निरंतर प्रक्रिया के तहत ग्रामीण विकास हेतु लागू किया जा रहा है। 'परियोजना आरोग्य' के अंतर्गत कंपनी द्वारा ग्राम सिंघीतराई, निमोही एवं ओड़ेकेरा में प्रतिदिन हेल्थ वैन के जरिए कैंप आयोजित किए जाते हैं जिनसे अब तक लगभग 2000 नागरिक लाभान्वित हुए हैं।

### वेदांता के बालको मेडिकल सेंटर के जरिए कैंसर की अत्याधुनिक चिकित्सा

छत्तीसगढ़ में वेदांता का सबसे महत्वपूर्ण निवेश बालको मेडिकल सेंटर के तौर पर देखा जाता है। बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित 170-बेड का तृतीयक कैंसर अस्पताल है और वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन (व्हीएमआरएफ) की प्रमुख पहल है। वेदांता रिसोर्सेज और भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) द्वारा एक गैर-लाभकारी संस्था के रूप में स्थापित, बीएमसी मेडिकल, सर्जिकल, रेडिएशन, हीमैटोलॉजी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट और पेलिएटिव केयर सहित व्यापक कैंसर उपचार सेवाएं प्रदान करता है। अब तक बीएमसी 66,000 से अधिक मरीजों का इलाज कर चुका है और 4.20 लाख से अधिक ओपीडी विजिट दर्ज कर चुका है, जो छत्तीसगढ़ और आसपास के राज्यों के मरीजों की सेवा कर रहा है। यह मध्य भारत का पहला निजी अस्पताल है जहां दा विंची एक्सआई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम स्थापित है। यह रोबोटिक-सहायता प्राप्त सर्जिकल सिस्टम है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# जवान के सीक्वल में नजर आएंगे शाहरुख, स्क्रिप्टिंग का काम पूरा

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान जल्द ही अपनी नई फिल्म 'किंग' के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने वाले हैं। फिलहाल फिल्म की शूटिंग जारी है। इसी बीच खबर है कि 'किंग'के बाद वह अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान के सीक्वल यानी 'जवान 2' पर काम शुरू कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, इस फिल्म की स्क्रिप्ट लगभग तैयार है। और मेकर्स इसे आगे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, अभी तक इसको लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इससे पहले भी 'जवान 2' को लेकर कई तरह की खबरें सामने आ चुकी हैं, लेकिन फिल्म के डायरेक्टर की तरफ से भी कोई कन्फर्मेशन नहीं दिया गया था। शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर को रिलीज होगी।

## लाइफ Style

# सारा

## धुरंधर 2 की यलीना अब बनेंगी मधुबाला

हिंदी सिनेमा की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस मानी जाने वालीं मधुबाला की बायोपिक की चर्चा कई साल से हो रही है। इसके लिए कई एक्ट्रेसेस के नाम सामने आए, पर किसी पर भी मुहर नहीं लगी। अब इसके लिए 'धुरंधर' की यलीना यानी सारा अर्जुन का नाम कन्फर्म बताया जा रहा है। यानी उनकी लॉटरी लग गई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कहा जा रहा है कि वह मधुबाला पर बन रही बायोपिक में उनका किरदार निभाएंगी। उनका नाम मधुबाला की बायोपिक के लिए कन्फर्म है। इस बायोपिक को जसमीत के रीन डायरेक्ट करेंगी, जबकि संजय लीला भंसाली प्रोड्यूसर हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मधुबाला की बायोपिक की शूटिंग जुलाई से शुरू होगी। धुरंधर और धुरंधर 2 के बाद इसे सारा अर्जुन के कॅरियर की अहम फिल्म माना जा रहा है, जो उनके कॅरियर को एक नई दिशा देगी। सारा अर्जुन वैसे तो बचपन से फिल्मों में काम कर रही हैं, पर धुरंधर ने उन्हें रातोंरात जबरदस्त स्टारडम दिलाया है। मधुबाला की बायोपिक की बात करें, तो यह कई साल से अटकी हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, बजट की कमी के कारण इसे कई बार देरी का सामना करना पड़ा, लेकिन बाद में यह ट्रैक पर लौट आई। अहम मोड़ तब आया जब संजय लीला भंसाली बतौर प्रोड्यूसर मधुबाला की बायोपिक से जुड़े। वहीं ,जसमीत के रीन डायरेक्टर हैं, जिन्होंने विजय वर्मा और आलिया भट्ट स्टारर 'डार्लिंग्स' डायरेक्ट की थी। बताया जा रहा है कि सारा अर्जुन ने मधुबाला की खूबसूरती, गरिमा और पर्दे पर उनकी उपस्थिति को हूबहू उतारने के लिए जोरदार तैयारी शुरू कर दी है।




## हॉलीवुड मसाला



# गर्लफ्रेंड संग सैर करते दिखे

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर हैरी स्टाइल्स और अमेरिकन सिंगर और एक्ट्रेस जोई क्राविट्स की सगाई की खबरें तेजी से सोशल मीडिया पर फैल गईं। क्या सच में हैरी और जोई ने सगाई की है? कुछ दिन पहले हैरी स्टाइल्स अपनी गर्लफ्रेंड जोई क्राविट्ज के साथ लंदन में सैर करते नजर आए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो को गौर से देखने पर फैंस को पता चला कि जोई ने एक अंगूठी पहनी है। यह अंगूठी उस फिंगर में थी सिसमें सगाई की अंगूठी पहनी जाती है।



# रेसलर हल्क की डॉक्यूमेंट्री में सामने आया दर्दनाक सच

**लॉस एंजिल्स।** रेसलिंग लीजेंड हल्क होगन की डॉक्यूमेंट्री रिलीज हुई है। हाल ही में उन्होंने अपनी इस डॉक्यूमेंट्री पर चर्चा की, जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी जिंदगी में एक समय ऐसा भी आया था जब वे सुसाइड करने वाले थे। रेसलिंग की दुनिया के दिग्गज हल्क होगन की जिंदगी का एक बेहद इमोशनल और मुश्किल दौर अब सामने आया है। उनकी नई डॉक्यूमेंट्री 'हल्क होगनः रियल अमेरिकन' में उन्होंने अपने जीवन के सबसे कठिन समय के बारे में खुलकर बात की है। हल्क होगनः रियल अमेरिकन की इस 4-एपिसोड की सीरीज में हल्क होगन का आखिरी इंटरव्यू भी दिखाया गया है, जो उनके जुलाई 2025 में 71 साल की उम्र में निधन से पहले लिया गया था। इसमें उन्होंने बताया कि अपनी शादी टूटने के दौरान वह इतने टूट गए थे कि उन्होंने सुसाइड तक के बारे में सोचा था।



# पैपराजी से बात करना अच्छा लगता है

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनम बाजवा इन दिनों अपनी आगामी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'पिट सियापा' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में सोनम प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही एक बातचीत में सोनम ने कहा कि जब पैपराजी उनसे फोटो के लिए कहते हैं, तो समझ ही नहीं आता कि कैसे रिएक्ट करें। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं जोर से हंसती हूं। मुझे नहीं पता कि पैपराजी के सामने क्या करना है। वे सैलून के बाहर भी इंतजार कर रहे होते हैं। मैं उन्हें मना नहीं कर सकती। लेकिन मुझे बहुत शर्म आती है, मुझे नहीं पता कि अगर मैं अभी-अभी सैलून से निकली हूं तो उनके सामने कैसे पोज दूं। मुझे लगता है कि लोग सोचेंगे, यह पैपराजी के सामने क्यों हंसती रहती है? मुझे उनसे बात करने में बहुत मजा आता है। मुझे उनसे कभी-कभार मिलना अच्छा लगता है।




# गवर्नरः द साइलेंट का पोस्टर जारी...

**मुंबई।** गुरुवार को मनोज बाजपेयी ने अपना 57वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर उनकी आने वाली फिल्म 'गवर्नरः द साइलेंट सेवियर' का फर्स्ट लुक सामने आया है। फिल्म को विपुल अमृतलाल शाह प्रोड्यूस करेंगे। जिसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए दी। विपुल शाह द्वारा रिलीज किए गए फिल्म 'गवर्नर' के पोस्टर में काफी सस्पेंस नजर आ रहा है। पहले पोस्टर में एक हरी कुर्सी दिख रही है। जो किसी मंत्रालय या अधिकारिक ऑफिस की लग रही है। इस पोस्टर में फिल्म की कहानी या किरदारों से जुड़ी कोई जानकारी नहीं है। इसके साथ ही एक लाइन लिखी हुई है। 'ये सिर्फ कुर्सी नहीं.. जिम्मेदारी है।' वहीं फिल्म के दूसरे पोस्टर में मनोज बाजपेयी पीछे से नजर आ रहे हैं। वो फॉर्मल ड्रेस में हैं।

## टीवी मसाला



# सपने वर्सेस एवरीवन-2 का ट्रेलर रिलीज दोगुना हुआ किरदारों का संघर्ष

**नई दिल्ली।** सपने वर्सेस एवरीवन 2 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। लगभग 4 साल पहले एक सीरीज सपने वर्सेस एवरीवन रिलीज हुई थी। इस सीरीज में दो ऐसे लोगों की कहानी थी जो समाज के दोगले रवैया का शिकार हैं, इसके बावजूद वह अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करते हैं। दूसरे सीजन में भी इस सीरीज के किरदारों का संघर्ष खत्म नहीं हुआ है, यह दोगुना हो चुका है। क्या इस बार उन्हें अपनी मंजिल मिलेगी? या फिर उनके सपने टूट जाएंगे? 'सपने वर्सेस एवरीवन 2 के ट्रेलर में कहानी को लेकर काफी अंदाजा दर्शकों को सकता है। सपने वर्सेस एवरीवन 2 के ट्रेलर में सीरीज के दोनों मुख्य किरदार अपने सपनों को पूरा करने के सफर पर निकलते हैं। लेकिन, सपने कहां आसानी से पूरे होते हैं, इनके सपने अब नई मुश्किलें हैं। क्या यह मुश्किलें इन्हें तोड़ देंगी, मौत की दहलीज पर लाकर खड़ा कर देंगी? इन सब सवालों के जवाब सीरीज के रिलीज होने के बाद पता चलेगा। सीरीज 'सपने वर्सेस एवरीवन 2' अगले महीने रिलीज होगी। यह सीरीज 1 मई से अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होगी। इस सीरीज में पहले सीजन के कई कलाकार फिर से नजर आएंगे। अंबरीश वर्मा, पमरवीर चीमा, विजयंत कोहली दूसरे सीजन में भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## तुलसी का राज बरकरार, अनुपमा फिर पीछे

**नई दिल्ली।** पिछले कई हफ्तों से टीआरपी लिस्ट में स्मृति ईरानी का सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' पहले नंबर पर कब्जा जमाए बैठा है। 15वें हफ्ते में भी पहले नंबर पर यही सीरियल है। दूसरे नंबर पर वसुधा सीरियल को जगह मिली है, इसकी टीआरपी 15वें हफ्ते में 1.8 है। जबकि 14वें हफ्ते में इस सीरियल की टीआरपी 1.9 थी और ये तब भी दूसरे नंबर पर था। वहीं, 15वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है का नाम शामिल है। इसे 1.8 की टीआरपी मिली है। 14वें हफ्ते में यह सीरियल टॉप 5 में शामिल नहीं था। रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा की बात करें तो वह 15वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर है। 'अनुपमा' सीरियल को 1.8 की टीआरपी मिली है। 14वें हफ्ते में इस सीरियल को 1.7 की टीआरपी मिली है। ऐसे में देखा जाए तो नए हफ्ते में इसकी टीआरपी बढ़ी है। 15वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में पांचवें नंबर पर सीरियल 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं'है। 14वें हफ्ते में भी यह सीरियल इसी पोजिशन पर था। दोनों ही हफ्तों में इसकी टीआरपी 1.7 की रही है।



# बीआर से बोले थे महबूब - मत बनाओ तांगे वाले की फिल्म, लुट जाओगे...

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के यादगार फिल्म निर्माताओं की बात करें तो वह लिस्ट बीआर चोपड़ा के बिना अधूरी होगी। बलदेव राज चोपड़ा, यानी बीआर चोपड़ा साहब ने अपने कॅरियर में कई यादगार फिल्में दीं, लेकिन उनकी 1957 में रिलीज फिल्म 'नया दौर' से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा आज भी चर्चा में रहता है। यह वही फिल्म है, जिसकी कहानी शुरुआत में कई बड़े फिल्मकारों को पसंद नहीं आई थी, जिनमें मशहूर निर्देशक महबूब खान भी शामिल थे। बीआर चोपड़ा का इंडस्ट्री में योगदान केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने नई दिशा देने के साथ ही गंभीर विषयों पर आधारित कहानियों से दर्शकों तक पहुंचाया। साल 1998 में उन्हें भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान, दादा साहब फाल्के अवार्ड, से सम्मानित किया गया।*



### एक तांगा चलाने वाले की जिंदगी की कहानी

बीआर चोपड़ा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि 'नया दौर' की कहानी उन्हें उनके दोस्त और लेखक एफ.ए. मिर्जा ने सुनाई थी। यह कहानी इंसान और मशीनों के बीच संघर्ष पर आधारित थी, जिसमें एक तांगा चलाने वाले की जिंदगी को केंद्र में रखा गया था। उस दौर में यह विषय काफी अलग और जोखिम भरा माना जाता था।

### कई फिल्ममेकर्स ने कहानी को कर दिया खारिज

दिलचस्प बात यह है कि इस कहानी को पहले कई नामी फिल्ममेकर्स को सुनाया गया, लेकिन सभी ने इसे खारिज कर दिया। किसी ने इसे डॉक्यूमेंट्री जैसा बताया, तो किसी ने बकवास कहकर नकार दिया। यहां तक कि महबूब खान ने भी इस कहानी को पसंद नहीं किया और इसे तांगे वाले की कहानी कहकर नजरअंदाज कर दिया। इसके बावजूद बीआर चोपड़ा को इस कहानी में दम नजर आया। उन्होंने तय किया कि वह इस पर फिल्म जरूर बनाएंगे।

***कहानी और मेसेज के कारण खास पहचान बनाई :*** फिल्म रिलीज होने के बाद जो हुआ, वह इतिहास बन गया। 'नया दौर' बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट साबित हुई और सिनेमाघरों में लंबे समय तक चली। फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया और अपनी कहानी और मेसेज के कारण खास पहचान बनाई। फिल्म की सफलता के बाद जब इसकी सिल्वर जुबली मनाई जा रही थी, तब महबूब खान ने बीआर चोपड़ा को फोन कर कहा, 'चीफ गेस्ट के तौर पर किसे बुला रहे हो?' फिर कहा, 'मैं ही चीफ गेस्ट के रूप में आ जाता हूं।'

# श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर पहुंचे विवेक और शमिता, लिया आशीर्वाद



**मुंबई।** अभिनेता विवेक ओबेरॉय और शमिता शेट्टी ने तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के दर्शन किए। दोनों सितारों ने पूजा-अर्चना करने के बाद मंदिर परिसर में घूमते हुए भगवान श्री वेंकटेश्वर का आशीर्वाद लिया। शमिता शेट्टी गुलाबी रंग की साड़ी में मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। वहीं, विवेक ओबेरॉय भी पारंपरिक वेशभूषा में भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन करने मंदिर गए। सफेद धोती के साथ उन्होंने लाल रंग का अंग वस्त्र धारण किया। मंदिर परिसर में विवेक ओबेरॉय और शमिता शेट्टी ने तस्वीरें क्लिक कराईं। विवेक ओबेरॉय के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म मेकर्स ने हाल ही में विवेक के किरदार का एक नया लुक जारी किया था। इसमें विवेक गहरे रंग का चोगा पहने, आंखों पर धूप का चश्मा लगाए और हाथ में तलवार लिए दिखे। उनका लुक फैंस को बहुत रहस्यमयी और दमदार लगा। इस फिल्म में ऐश्वर्या देसाई भी नजर आएंगी।

## खूब सुना जाता है ये पुराना गीत, दिल को देता है सुकून

# 48 साल बाद भी कल्ट बना हुआ किशोर और लता का गाना

### यादगार गीत

हिंदी सिनेमा के उम्दा गायकों के तौर पर किशोर कुमार और लता मंगेशकर ने अपनी पहचान बनाई थी। दोनों के निधन के बाद भी इनके गानों को आज भी श्रोता खूब सुनते हैं। इस बीच हम आपको लता दीदी और किशोर दा के जिस गाने के बारे में बताने जा रहे हैं, उसे 1978 में आई फिल्म डॉन के लिए इन दोनों ने एक साथ मिलकर गाया था। अमिताभ बच्चन और जीनत अमान पर फिल्माए गए उस सॉन्ग का नाम- जिसका मुझे था इंतजार... था।

### आशा ने गाया था ये गाना

किशोर कुमार और लता मंगेशकर अलावा डॉन फिल्म का एक गाना आशा भोसले ने भी गाया था। वह गीत ये मेरा दिल यार का दीवाना... था, जिसे आशा ताई ने अपनी मधुर आवाज दी थी।

*नई दिल्ली। सुरों के सरताज किशोर कुमार और सुरों की कोकिला लता मंगेशकर हिंदी सिनेमा के दो दिग्गज गायक हुआ करते थे। अपने-अपने गायिकी के करियर में इन दोनों ने कई शानदार नगमों को मधुर आवाज के जरिए अमर किया, जिन्हें श्रोता आज भी सुनना पसंद करते हैं। इस आधार पर आज हम आपको किशोर दा और लता दीदी के एक यादगार गाने के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 48 साल पहले दोनों ने एक साथ मिलकर गाया था। 7 मिनट लंबा वह गीत आज भी लोगों की जुबान पर आसानी से आ जाता है।*



### बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग

48 साल पुराना किशोर कुमार और लता मंगेशकर का ये गाना आज भी हिंदी सिनेमा के सबसे बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग के तौर पर जाना जाता है। इस गीत के संगीतकार कल्याण जी और आनंद जी की जोड़ी थी, जबकि गीतकार की जिम्मेदारी अनजान जी ने निभाई थी और इस तरह जाकर डॉन का ये आइकॉनिक सॉन्ग बनकर तैयार हुआ। लता मंगेशकर नहीं, लेकिन किशोर कुमार अमिताभ की डॉन के अधिकतर गानों को अपनी आवाज दी थी, जिनमें ये गाने शामिल रहे- ये है बंबई नगरिया..., खाइके पान बनारस वाला...,अरे दीवानों मुझे पहचानो...।

खबर संक्षेप

## पीएचडी के मानद उपाधि से अलंकृत हुए पवन चतुर्वेदी



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम खोखरा निवासी डॉ. पवन चतुर्वेदी को उनके निरंतर आध्यात्मिक, साहित्यिक एवं सामाजिक योगदान के लिए ऋषि वैदिक विद्या पीठ, फतेहपुर (आगरा) द्वारा मानद पीएचडी (डॉक्टरेट) की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिवरीनारायण के पीठाधीश महंत रामसुंदर दास के द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. पवन चतुर्वेदी लंबे समय से भागवत कथा के माध्यम से समाज में धर्म और संस्कृति की अलख जगा रहे हैं। डॉ. चतुर्वेदी ने भागवत भक्ति गीतों की रचना कर भक्ति संगीत के क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इस अवसर पर महंत रामसुंदर दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. पवन चतुर्वेदी की वाणी में अद्भुत प्रभाव है। व्यासपीठ से उनका हर उच्चारण श्रोताओं के मन को छू लेता है और उन्हें भक्ति के मार्ग पर प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्वान समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं। इस अवसर पर निर्मल दास वैष्णव सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## क्रिकेट समर कैंप आज से, रणजी खिलाड़ी और विशेषज्ञ कोच देंगे प्रशिक्षण

**जांजगीर चांपा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा क्रिकेट समर कैंप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 25 अप्रैल से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा, जिसका आयोजन रोजाना सुबह 6 बजे से पेंड्री स्थित मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पद्मेश शर्मा ने बताया कि इस कैंप में जांजगीर-चांपा सहित अन्य जिलों के खिलाड़ी भी शामिल होकर अपनी खेल प्रतिभा को निखार सकते हैं। कैंप में प्रवेश के लिए खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट एसोसिएशन में अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इस वर्ष समर कैंप की सबसे खास बात यह है कि स्थानीय कोचों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (बीसीसीआई) के लेवल-1 कोच, पूर्व रणजी ट्रॉफी प्लेयर और वर्तमान में रणजी खेल रहे खिलाड़ियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। ये अनुभवी खिलाड़ी कैंप में शामिल होने वाले युवाओं को खेल की बारीकियां सिखाएंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। कैम्प में भाग लेने वाले खिलाड़ी निशुल्क रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होने वाले सीसीपीएल मैचों का स्टेडियम में बैठकर आनंद ले सकेंगे। साथ ही खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ स्टेट के रणजी ट्रॉफी खिलाड़ियों से सीधे भेंट करने और उनसे संवाद करने का मौका भी मिलेगा। यह समर कैंप पूर्णतः निशुल्क रहेगा ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिले।

## हज पे जाने वाले हाजियो का शान ऐ मोहम्मदी यंग कमेटी ने किया सम्मान




**अकलतरा।** इस साल अकलतरा नगर व आस पास से हज यात्रा पर जाने वालो का शान ऐ मोहम्मदी यंग कमेटी ने सम्मान किया । इस वर्ष मुस्लिम जमात के सदस्य मोहम्मद आरिफ मेमन व उनकी पत्नी असमा बानो ,मोहम्मद अहमद मेमन लाला भाई व उनकी (पत्नी) नाजिया बानो ,मुस्लिम जमात बलौदा से वजीर कुरैशी हज यात्रा पर जा रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के द्वारा हज यात्रा पर जा रहे समस्त लोगों को फूल माला एवं शाल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इन सभी हाजियों की रवानगी अकलतरा से 30 अप्रैल दिन बुधवार को मग़रिब की नमाज के बाद शाम 7 बजे शिवनाथ एक्सप्रेस ट्रेन से नागपुर के लिये रवाना होगी। 2 मई को नागपुर हज हाउस में रिपोटिंग और सामानों की जांच के बाद 3 मई को सुबह 4 बजे फ्लाईट से जद्दा के लिये उड़ान भरेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शान ऐ मोहम्मदी यंग कमेटी के अध्यक्ष हाजी मौलाना असरफ खान ने कहा कि हज में जाना हर किसी के बस की बात नही है तथा हर किसी के किस्मत में हाजी होना नही लिखा है। जिसे अल्लाह अपने दर में बुलाता है वही वहां जाता है। इस दौरान सामूहिक भोज का आयोजन किया गया एवं हज यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए शुभ कामनाएं प्रेषित की गई। कार्यक्रम में मुस्लिम समाज की सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## तार मिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) बिलासपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार तार मिस्त्री परीक्षा माह जुलाई 2026 में लिया जाना है। उक्त परीक्षा हेतु आवेदन बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही एवं सक्ती जिले के आवेदनकर्ता, फार्म निःशुल्क एवं संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय, कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन बिलासपुर संभाग बिलासपुर, प्रथम तल यू.डी.एम. हॉस्पिटल बिल्डिंग, होमगार्ड कैम्पस के पास कुदुदंड, बिलासपुर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है।

जिलाधीश ने की ग्रामीण विकास कार्यों की गहन समीक्षा

# कलेक्टर ने कहा- गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता, लापरवाही पर कार्रवाई तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

जनपद पंचायत पामगढ़ के सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने पंचायत सचिवों, तकनीकी सहायक एवं रोजगार सहायकों की बैठक लेकर ग्रामीण विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत ही ग्रामीण विकास की मूल इकाई है और यहां होने वाले निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर आर.के. तंबोली, पामगढ़ सीईओ मणिशंकर कौशिक सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री महोबे ने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अप्रारंभ कार्यों को तत्काल शुरू करने और समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लापरवाही या अनदेखी पाए जाने पर सख्त प्रशासनिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने निर्देशित किया यदि कहीं भी अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधितों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि सुशासन तिहार के तहत 1 मई से 10 जून 2026 तक जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह के आधार पर शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में न केवल जन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने शिविरों में आम नागरिकों के लिए छाया, पेयजल, बैठक सहित सभी मूलभूत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने शासन के निर्देशनुसार विकास के लिए सुनियोजित एवं समयबद्ध 5 वर्षीय गांव की आवश्यकता अनुसार परिप्रेक्ष्य योजना तैयार करने कहा। उन्होंने ग्राम सभाओं एवं स्थानीय निकायों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए आवश्यकताओं का आकलन तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि 5 वर्षीय योजना में प्राथमिकता वाले क्षेत्र जैसे पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण के साथ-साथ सड़क एवं सिंचाई जैसे विकास को विशेष रूप से शामिल किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक वर्ष की वार्षिक योजना, 5 वर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना के अनुरूप तैयार की जाए तथा पूर्व वर्षों की उपलब्धियों एवं ग्राम की मुख्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य निर्धारित किए जाएं।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

कलेक्टर श्री महोबे ने जल संरक्षण को लेकर कहा की अधिक से अधिक जल संरचनाओं, सोक पिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, डबरी, चेकडैम, नवा तरिया एवं अन्य संरचनाओं का निर्माण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, इसलिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में जनभागीदारी के साथ कार्यों को तेज गति से पूर्ण किया जाए। साथ ही ग्राम स्तर पर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर उन्हें इस अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित मॉनिटरिंग करें। साथ ही फील्ड में जाकर कार्यों का निरीक्षण करें और हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण विकास कार्य प्रभावी ढंग से धरातल पर दिखाई दे।



प्रशिक्षण में शिक्षक-शिक्षिकाओं को जानकारी देते मास्टर ट्रेनर।

## जनगणना के लिए शिक्षकों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

आगामी जनगणना कार्य को लेकर शिवरीनारायण प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। 1 मई से 30 मई तक प्रस्तावित जनगणना कार्य को सटीक तरीके से संपन्न करने के उद्देश्य से सेजेस विद्यालय में शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एसडीएम , तहसीलदार और नायब तहसीलदार की उपस्थिति में हुआ, जिसमें कुल 23 सुपरवाइजर और 127 प्रगणकों ने भाग लिया।

■ 23 सुपरवाइजर और 127 प्रगणकों ने लिया भाग

प्रशिक्षण में जनगणना की प्रक्रिया, फॉर्म भरने की विधि, डिजिटल एंट्री सिस्टम के इस्तेमाल, और फील्ड में उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों ने जनगणना के दौरान सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों के बारे में शिक्षकों को बताया और इस कार्य को त्रुटिरहित, पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर नायब तहसीलदार ने कहा यह प्रयास किया जा रहा है कि जनगणना का कार्य बिना किसी गलती के पूरा हो, ताकि सरकार को सही आंकड़े मिल सकें और वह उसी के आधार पर योजनाओं और नीतियों का निर्धारण कर सके। यह जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि हमारे समाज की वास्तविक तस्वीर को सामने लाने का एक अहम कदम है। प्रशासन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी सुपरवाइजर और प्रगणक जनगणना के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े।

# परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा, 22 बटुकों का उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

स्थानीय मारवाड़ी ब्राम्हण सेवा संघ तथा परशुराम ब्राम्हण युवा संगठन द्वारा विप्र कुलभूषण एवं समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जी की जयंती विगत 19 एवं 20 अप्रैल को धूमधाम से परम्परानुसार मनाई गई। इस मौके पर दोनों ही समाज द्वारा भगवान

■ भागवताचार्यों का हुआ सम्मान, परशुराम जी की हुई महाआरती व प्रसाद वितरण

परशुराम जी की शोभायात्रा निकाले जाने के अलावा समाज के लोगों के लिए भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। साथ ही 22 बटुकों का उपनयन संस्कार किया गया।

मारवाड़ी ब्राम्हण सेवा संघ की चांपा इकाई द्वारा भगवान परशुराम जी की जयंती रविवार 19 अप्रैल को परम्परानुसार धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान संघ द्वारा प्रातः 10 बजे से मोदी चैक स्थित श्याम मंदिर से सदर बाजार स्थित राधा कृष्ण मंदिर तक भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा बाजे-गाजे एवं भजन-कीर्तन के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल समाज के लोगों का मार्ग में किशोर मोदी एवं परिवार तथा विनोद तिवारी द्वारा कोल्ड ड्रिंक्स एवं जूस से स्वागत किया गया। राधाकृष्ण मंदिर पहुँचने के बाद मारवाड़ी ब्राम्हण समाज द्वारा पंडित राजेश शर्मा के आचार्यत्व में भगवान परशुराम जी की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इसके पश्चात समाज के लोगों के लिए डोंगाघाट स्थित डिडवानिया धर्मशाला में भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। शोभायात्रा एवं भंडारा प्रसाद में समाज के पुरूषों, महिलाओं एवं बच्चों के अलावा प्रमुख रूप से सत्यवीर शर्मा, रामकुमार शर्मा, उदयराम शर्मा, पन्ना लाल शर्मा, डॉ. योगेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष शैलेश कुमार शर्मा, सचिव उदय शर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा, रितेश शर्मा, सुभाष शर्मा सहित विवेक शर्मा, अंकित शर्मा, विनोद शर्मा आदि शामिल हुए। उधर भगवान परशुराम ब्राम्हण युवा संगठन द्वारा रविवार 19 अप्रैल तथा सोमवार 20 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर सामूहिक उपनयन संस्कार एवं सम्मान समारोह के साथ भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। रविवार 19 अप्रैल को सायं 5 बजे से श्रीगणेश गौरी वेदी स्थापन, मातृपूजन के बाद सोमवार 20 अप्रैल को सुबह 6 बजे से त्रिमुण्डन, 7:30 बजे से अष्ट ब्राम्हण भोजन, 10 बजे से भिक्षाटन तथा दोपहर 1 बजे से भण्डारा प्रसाद का आयोजन बी.डी.एम. अस्पताल के पास परशुराम भवन में किया गया। यहां सायं 4:30 बजे समाज के 17 भागवताचार्यों सहित 15 प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य गौसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महंत रामसुंदर दास के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रकाश इंडस्ट्रीज के संजय जोशी, अशोक शर्मा, सुधाकर सारस्वत सहित डी.बी. वेचर्स के संचालन धीरेन्द्र बाजपेयी मंचस्थ थे। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेश्री रामसुंदर दास ने कहा कि विप्र समाज और समाज के युवा इसी तरह आगे आकर समाज को उन्नति की राह पर आगे ले जायें। अन्य अतिथियों ने भी भगवान परशुराम जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्श शस्त्र एवं शास्त्र अनुकरणीय है। सायं 5:30 बजे संगठन द्वारा डी.जे. और 55 सदस्यीय कर्मा नर्तक दल के साथ भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा नगर में निकाली गई। सायं 6:30 बजे यह शोभायात्रा भगवान परशुराम चौक पहुंची जहां भव्य आतिशबाजी डी.बी. वेंचर्स परिवार द्वारा की गई। इसके पश्चात ध्वजारोहण डॉ. जी.पी. दुबे, धीरेन्द्र बाजपेयी एवं पद्मेश शर्मा द्वारा किया गया। इसके बाद भगवान परशुराम जी की महाआरती के साथ ही प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में ब्राम्हण महिला समिति की महिला सदस्यों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।



भगवान परशुराम की शोभायात्रा में शामिल विप्रगण।

## गली में बहा रहा नाली का गंदा पानी, लोगों को हो रही परेशानी



**बिर्रा।** बम्हनीडीह ब्लॉक का सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा के वार्ड क्रमांक-2 व 3 में बने नाली का गंदा पानी इन दिनों गली में बह रहा है, जिससे लोगों को जहां आने जाने में परेशानी हो रही है, वहीं बीमारी होने का डर सता रहा है। यह मार्ग गैस एजेंसी जानें का मुख्य मार्ग है। गली में गंदा पानी बहने से लोगों को एजेंसी आने जानें में परेशानी हो रही है । किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा नाली को मिट्टी डाल के बंद कर दिया गया है। वहां पर कई किसानों का 40 से 50 साल पहले का घुरवा भी था जिसमें कम से कम 15 से 20,ट्रेक्टर खाद है उसमें भी मिट्टी डाल के पाट दिया गया है, जिसका शिकायत ग्राम पंचायत ,पटवारी ,और थाना में किया जा चुका है, बावजूद अभी तक किसी ने सुध नहीं ली है।

## जरुरतमंदों को नया जीवन देने मानव एकता दिवस पर 70 यूनिट रक्त का किया संग्रह

**जांजगीर-चांपा।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन जांजगीर शाखा द्वारा मानव एकता दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल को निरंकारी सत्संग भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा अभियान में कुल 70 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जिसे जिला अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों के उपयोग हेतु उपलब्ध कराया गया।

यह शिविर पूरे भारतवर्ष में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा एक साथ आयोजित किया गया, जिसमें जांजगीर इकाई ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं एवं समाजसेवियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। जांजगीर शाखा के मुखी परस राम बजाज ने कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि किसी के जीवन को नई आशा देने का सबसे पवित्र माध्यम है। संत निरंकारी मिशन ने सभी सेवादारों, सहयोगियों, आयोजन समिति के सदस्यों, रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया है।



## श्याम बाबा सेवा समिति का पुनर्गठन, संजय बने अध्यक्ष

**चांपा।** स्थानीय मोदी चौक स्थित खाटूवाले श्याम मंदिर का संचालन करने वाली संस्था श्यामबाबा सेवा समिति का वार्षिक चुनाव विगत दिनों मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर सर्वसम्मति से समिति के संजय प्रहलाद राय मोदी को समिति का नवीन अध्यक्ष चुना गया। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा समिति की नवीन कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। श्यामबाबा सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव हेतु समिति के रामनारायण मोदी, किशन मित्तल, रजत अग्रवाल, प्रेमप्रकाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल (राजू), घनश्याम मोदी, सुनील अग्रवाल, विनोद शर्मा, किशोर मोदी, सौमिल मोदी, पूर्व अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, शैलेश कुमार शर्मा, दुर्गा अग्रवाल, विनोद मोदी, मनीष मोदी, देवेन्द्र अग्रवाल आदि की उपस्थिति में सर्वसम्मति से संजय प्रहलाद राय मोदी को आगामी कार्यकाल के लिए समिति का अध्यक्ष चुना गया। बाद में उनके द्वारा समिति की कार्यकारिणी का गठन करते हुए सत्र 2026-27 के लिए उपाध्यक्ष विनोद मोदी, अनुपम केडिया, अंकित खेतान, सचिव गणेश मोदी, शलभ केडिया, कोषाध्यक्ष अमन अग्रवाल, सहसचिव विनोद शर्मा, अर्पण सिंघानिया, देवेन्द्र अग्रवाल, मीडिया प्रभारी शैलेश कुमार शर्मा, सहप्रभारी प्रकाश अग्रवाल तथा कानूनी सलाहकार दुर्गा अग्रवाल, अनिल अग्रवाल और मितेश मोदी को नियुक्त किया गया। इसके साथ ही सेवादार कार्यकारिणी सदस्य भी नियुक्त किये गये। नवीन कार्यकारिणी द्वारा आगामी 9 मई को श्याम मंदिर का 15वाँ वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाये जाने का निर्णय लिया गया।



श्याम मंदिर में मौजूद समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण

पृथ्वी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

# धरती का संरक्षण हर नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय, बनाहिल अकलतरा में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के संरक्षक डॉ. जे.के. जैन कहा कि पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाता है ताकि हम अपनी धरती को प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से बचा सकें।

डॉ. जैन ने कहा कि धरती का संरक्षण केवल सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने धरती बचाओ, जीवन बचाओ विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विश्व पृथ्वी दिवस 2026 की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्रदूषण नियंत्रण और प्लास्टिक मुक्त भारत जैसे विषयों पर रचनात्मक पोस्टर बनाकर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. जैन ने बताया कि इस वर्ष की थीम यह संदेश देती है कि पर्यावरण को बचाना किसी एक सरकार या चुनाव पर निर्भर नहीं है। असली बदलाव आम लोगों, समुदायों, शिक्षकों, कामगारों और परिवारों के रोज़ के छोटे-छोटे कदमों से आएगा। 2026 में फोकस रिन्यूएबल एनर्जी, क्लीन इलेक्ट्रिसिटी और कम्युनिटी लेवल पर एक्शन पर है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को ऊर्जा बचत, कचरा प्रबंधन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। अंत में सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ ली। इस कार्यक्रम में डॉ.प्रतिमा रानी द्विवेदी, ओमप्रकाश सोनी,अरविंद कुमार, संजीव चौहान, श्वेता सिंह चंदेल, दुर्गा टण्डन, संध्या सिंह, कमलकांत साहू, नवीन आदित्य, नगेंद्र कुमार जांगड़े,अनुज जैन, राहुल राठौर सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, एनसीसी के कैडेट एवं समस्त महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं।